Prepp
Your Personal Exams Guide

M-2024/VI

अनुक्रमांक/Roll No.

परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक यहाँ लिखें।

Candidate should write his/her Roll No. here.

कुल प्रश्नों की संख्या : 4

Total No. of Questions : 4

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 2

No. of Printed Pages : 2

M-2024/VI

हिन्दी निबंध एवं प्रारूप लेखन

HINDI ESSAY AND DRAFT WRITING

छठा प्रश्न–पत्र

SIXTH PAPER

समय : 02:30 घंटे]

Time : 02:30 Hours]

[पूर्णांक : 100

[Total Marks : 100

प्रश्न : 1. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग **1000** शब्दों में निबंध लिखिए। अभ्यर्थी जिस निबंध को लिख रहे हैं, उस विकल्प के शीर्षक का उल्लेख उत्तर के पूर्व अनिवार्यतः करें। प्रश्न **50 (पचास)** अंकों का है। **(50×1=50)**

प्रश्न : (1.1) भारत में लघु व कुटीर उद्योग

प्रश्न : (1.2) भाषा और राष्ट्रीय एकता

प्रश्न : (1.3) उच्च शिक्षा में हिंदी माध्यम

प्रश्न : (1.4) रोजगार सृजन के साथ आर्थिक विकास

Prepp
Your Personal Exams Guide

प्रश्न : 2. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग **500** शब्दों में निबंध लिखिए। अभ्यर्थी जिस निबंध को लिख रहे हैं, उस विकल्प के शीर्षक का उल्लेख उत्तर के पूर्व अनिवार्यतः करें। प्रश्न **20 (बीस)** अंकों का है। **(20×1=20)**

प्रश्न : (2.1) भारत में आपदा एवं प्रबंधन

प्रश्न : (2.2) भारत में पारिवारिक विघटन

प्रश्न : (2.3) गाँवों से शहरों की ओर पलायन

प्रश्न : (2.4) मोबाइल से बदलती जीवन-शैली

प्रश्न : 3. दिए गए विषयों में से **किसी एक** विषय पर प्रारूप लेखन कीजिए। **प्रत्येक** प्रारूप लेखन हेतु अधिकतम शब्द सीमा **250** शब्द है। अभ्यर्थी जिस प्रारूप लेखन को लिख रहे हैं, उस विकल्प के शीर्षक का उल्लेख उत्तर के पूर्व अनिवार्यतः करें। प्रश्न **15 (पंद्रह)** अंकों का है। **15 अंक**

स्वयं को किसी विश्वविद्यालय का कुलसचिव मानते हुए सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को परीक्षार्थियों की संख्या संबंधी जानकारी अभी तक प्राप्त न होने के सम्बन्ध में अनुस्मारक पत्र लिखिए।

(अथवा)

एक अर्धशासकीय पत्र का प्रारूप प्रस्तुत कीजिए, जिसमें प्रधानाचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा एक अनुदेशक की नियुक्ति हेतु निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय को लिखा गया हो।

प्रश्न : 4. दिए गए विषयों में से **किसी एक** विषय पर प्रतिवेदन लिखिए। **प्रत्येक** प्रतिवेदन हेतु अधिकतम शब्द सीमा **250** शब्द है। अभ्यर्थी जिस प्रतिवेदन को लिख रहे हैं, उस विकल्प के शीर्षक का उल्लेख उत्तर के पूर्व अनिवार्यतः करें। प्रश्न **15 (पंद्रह)** अंकों है। **15 अंक**

स्वयं को किसी स्वशासी शासकीय महाविद्यालय के छात्रों का समूह मानते हुए अपने महाविद्यालय के प्राचार्य को परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने के लिए औचित्यपूर्ण ज्ञापन लिखिए।

(अथवा)

स्वयं को लिपिक मानते हुए एक कर्मचारी के द्वारा प्राप्त अर्जित अवकाश के प्रार्थना पत्र पर टिप्पण लेखन का एक प्रारूप प्रस्तुत कीजिए।

★★★